
हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार 18 मार्च 2026

11 पानी केवल बुनियादी सुविधा नहीं, बल्कि हमारी...



12 सरेली गांव की फिरनियों में 1 साल से जलभराव...






## घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पर प्रशासन सख्त

# छापेमारी कर 14 सिलेंडर जब्त, एजेंसियों के पास 4327 गैस सिलेंडरों का सुरक्षित क्लोजिंग बैलेंस उपलब्ध

***जिला महेंद्रगढ़ में एलपीजी गैस की कोई किल्लत नहीं : उपायुक्त***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला में रसोई गैस एलपीजी की कोई किल्लत नहीं है और सभी गैस एजेंसियों के पास पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध है। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि नागरिक गैस आपूर्ति को लेकर पूरी तरह निश्चिंत रहें, क्योंकि प्रशासन लगातार इसकी निगरानी कर रहा है।

डीसी ने बताया कि 16 मार्च की शाम तक जिले की विभिन्न गैस एजेंसियों के पास कुल स्टॉक की स्थिति काफी मजबूत रही। जिले में इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम व भारत पेट्रोलियम तीनों ही कंपनियों के वितरकों के माध्यम से आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी है।

सोमवार को ही विभिन्न प्लांटों से जिले की एजेंसियों को 1962 नए सिलेंडर प्राप्त हुए, जिससे कुल उपलब्ध स्टॉक बढ़कर 6140 हो गया था। उपायुक्त ने बताया कि सोमवार को जिलेभर में 4637 ऑनलाइन बुकिंग प्राप्त हुई थी, जिनका वितरण कार्य तत्परता से किया गया।

उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और केवल आवश्यकतानुसार ही बुकिंग कराएं। उपायुक्त ने बताया कि 16 मार्च की शाम तक जिले की सभी 21 गैस एजेंसियों के पास कुल 4327 सिलेंडरों का क्लोजिंग बैलेंस मौजूद था। यह आंकड़ा दर्शाता है कि जिले में मांग के मुकाबले आपूर्ति की स्थिति पूरी तरह सामान्य है और आने वाले दिनों के लिए भी पर्याप्त स्टॉक आरक्षित है।



नारनौल। निरीक्षण के दौरान दुकानों से घरेलू सिलेंडर बरामद करती टीम। फोटो : हरिभूमि

### घरेलू सिलेंडरों के व्यावसायिक इस्तेमाल पर चलाया अभियान

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार के कड़े निर्देशों पर जिला प्रशासन की ओर से अवैध गैस रिफिलिंग व घरेलू सिलेंडरों के व्यावसायिक इस्तेमाल के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान मंगलवार को भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहा। इसी कड़ी में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीमों ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन छापेमारी की। विभाग की टीम ने महेंद्रगढ़ शहर के मुख्य बाजारों, हलवाई की दुकानों व ढाबों पर अपनी दबिश जारी रखी और मौके से 14 घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए। आज की इस विशेष कार्रवाई के दौरान टीम में इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार, सब इंस्पेक्टर सतवीर सिंह व संदीप कार्रवाई में मुस्तैद रहे।

### कमर्शियल सिलेंडरों की उपलब्धता को बेहद सुगम किया

सहायक खाद्य आपूर्ति नियंत्रक अरुण सैनी ने इस कार्रवाई को लेकर स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल कुछ दिनों के लिए नहीं है, बल्कि भविष्य में भी इसी प्रकार निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि घरेलू गैस का कमर्शियल उपयोग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, क्योंकि यह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि आम जनमानस की सुरक्षा की दृष्टि से भी बेहद जोखिम भरा है। सैनी ने बताया कि प्रशासन की इस सक्रियता का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि घरेलू उपभोक्ताओं के हक की गैस का दुरुपयोग न हो। उन्होंने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि सरकार ने व्यावसायिक जरूरतों के लिए कमर्शियल सिलेंडरों की उपलब्धता को अब बेहद सुगम बना दिया है, इसलिए किसी को पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है। बशर्ते वे नियमों के भीतर रहकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भविष्य में और भी कड़ी दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## खबर संक्षेप

### 19 मार्च को मनेगा हिंदू नववर्ष

**नारनौल।** वरिष्ठ नागरिक संगठन द्वारा हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में 19 मार्च को साध्वी बहन मिश्री देवी आश्रम में सुबह 9 बजे यज्ञ-हवन आयोजित किया जाएगा। प्रधान दुलीचंद शर्मा ने बताया कि हिंदू धर्म के अनुसार चैत्र मास शुक्ल पक्ष प्रतिपदा पर प्रारंभ होने वाले नववर्ष विक्रमी संवत, 2083 के उपलक्ष्य में 19 मार्च को सुबह 9 बजे वैदिक विधि से यज्ञ-हवन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### बलाना में सत्संग 20 मार्च को

**महेंद्रगढ़।** डेरा बाबा नेकी दास महाराज सतनाम सत्संग आश्रम बलाना में सतगुरु बृजेंद्र सिंह महाराज के सानिध्य में सत्संग 20 मार्च को दोपहर 12 बजे से शाम 3 बजे तक किया जाएगा। उक्त जानकारी आश्रम के वरिष्ठ सदस्य कप्तान वेदप्रकाश ने दी। उन्होंने कहा कि सत्संगप्रेमी जो अपना कल्याण चाहते हैं, वह सत्संग में आकर इस अवसर का लाभ उठाएं। प्रसाद सत्संग से पहले शुरू होगा।

### फतेहपुर में क्रिकेट प्रतियोगिता 21 को

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव फतेहपुर में 21 मार्च को अमर शहीद अमित कुमार की स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में क्षेत्र की विभिन्न टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 11 हजार रुपये व उपविजेता टीम को 7100 रुपये तथा तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 3100 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द सीरीज के पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

## हैफेड के डीएम ने एसपी को दी शिकायत, पुलिस की इकनोमिक सेल कर रही जांच

# 3.5 करोड़ की सरसों बाजार में बेचने पर स्टोर कीपर व अन्य कर्मचारियों पर शक

> माना जा रहा है कि गोदाम में कार्यरत अकेला स्टोर कीपर कैसे रिलीज ऑर्डर तैयार करेगा। कैसे लेबर की व्यवस्था कर सरसों को गाड़ियों में लोड करवाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

कनीना-दादरी मार्ग पर उन्हाणी में बने हैफेड गोदाम से करीब 60 से 70 ट्रकों से गायब हुई 12 हजार बैग सरसों में स्टोर कीपर सहित अन्य कर्मचारियों पर भी शक की सुई घूम रही है। आमजन में इस बात की चर्चा चली हुई है, जिसे लेकर तरह-तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। माना जा रहा है कि गोदाम में कार्यरत अकेला स्टोर कीपर कैसे रिलीज ऑर्डर तैयार करेगा।

कैसे लेबर की व्यवस्था कर सरसों को गाड़ियों में लोड करवाएगा। क्या वास्तव में गोदाम में इतनी सरसों थी या नहीं अथवा यूं ही स्टोर कीपर के सिर पर ठीकरा फोड़ा जा रहा है। गोदाम में सरसों थी, तो यह पूरा प्रकरण एक दिन में संभव भी नहीं हो सकता। इस घटनाक्रम के दौरान हैफेड के प्रबंधक, सेल्समैन, चौकीदार व अन्य कर्मचारियों की ओर से गोदाम का निरीक्षण तक नहीं करना, किस बात की ओर संकेत करता है। खैर यह एक गहन जांच का विषय है, लेकिन स्टोर कीपर के अलावा इस घोटाले में अन्य कर्मचारियों की संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता।

सरसों के स्टॉक से 12 हजार से अधिक बैग की बाजार कीमत करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये आंकी गई है। इस मामले का खुलासा तब हुआ, जब हैफेड के अधिकारियों ने 28 मार्च से शुरू होने वाली रबी फसल खरीद के लिए गोदाम खाली करवाने के मकसद से गोदाम में रखी सरसों का पंचकूला की किसी फर्म के नाम ऑक्सन कर दिया। बताया जा रहा है कि उक्त फर्म की ओर से सरसों की दो गाड़ियां लोड भी की गई।

इसके बाद उसे ऑक्सन मुताबिक सरसों नहीं मिली, तो उच्च अधिकारियों को सूचित किया। अधिकारी मौके पर पहुंचे, तो गोदाम खाली देखकर दंग रह गए। हैफेड प्रबंधक की ओर से सप्ताह भर में गोदाम का निरीक्षण करने की दलील दी जा रही है।

हैफेड के अधिकारियों की ओर से मौका मुआयना कर स्टाक का फिजिकल वेरिफिकेशन करने के बाद 12000 से अधिक सरसों के बैग गायब होने की बात कही जा रही है। जिसे लेकर फील्ड इंस्पेक्टर स्टोर झज्जर निवासी ऋषि को दोषी ठहराया जा रहा है, जो फिलहाल भूमिगत बताया जा रहा है।




कनीना। उन्हाणी स्थित हैफेड गोदाम, जहां से सरसों के हजारों बैग गायब। फोटो : हरिभूमि


हैफेड गोदाम से साढ़े 3 करोड़ की सरसों गायब

कनीना। 17 मार्च को प्रकाशित समाचार।

### क्या कहते हैं हैफेड प्रबंधक

*हैफेड के जिला प्रबंधक प्रवीण भारद्वाज ने बताया कि उन्हाणी गोदाम में सरसों लगी हुई थी, जिसकी फिजिकल वेरिफिकेशन की गई, तो गड़बड़ी सामने आई। जांच की जा रही है। जिसमें जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।*



महेंद्रगढ़। फसल खरीद को लेकर बैठक लेती एसडीएम कनिका गोयल। फोटो : हरिभूमि

## गेट पर न हो भीड़, सही समय पर किसानों को मिलेंगे टोकन

- खरीद शुरू होने से पहले अनाज मंडी में सभी व्यवस्थाएं हों दुरुस्त : एसडीएम
- एसडीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

एसडीएम कनिका गोयल ने मंगलवार को सरसों व गेहूं सरकारी खरीद की तैयारियों को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महेंद्रगढ़ व सतनाली अनाज मंडी में फसल बेचने आने वाले किसानों के लिए सभी प्रकार की मूलभूत जरूरतों के पुख्ता प्रबंध किए जाएं, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अनाज मंडी में फसल की बिक्री के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मंडी में सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बिजली पानी तथा साफ-सफाई के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टोकन के दौरान गेट पर किसी प्रकार की भीड़ नहीं होनी चाहिए। किसानों को सही समय पर टोकन दिया जाए।

एसडीम ने कहा कि राजस्थान से लगती सीमाओं पर तीन नाके लगाए जाएंगे, ताकि राजस्थान से लाकर बेची जाने वाली फसलों पर रोक लगाई जा सके। इसके अलावा मंडी में आगजनी जैसी घटना से निपटने के लिए 24 घंटे फायर ब्रिगेड की गाड़ी तैनात रहेगी और मंडी में फर्स्ट एड बॉक्स की भी व्यवस्था रहेगी। इस दौरान तहसीलदार अजय कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## कोर्ट की फर्जी चयन सूची दिखाकर नौकरी के नाम पर ठगी

- आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की

**नारनौल।** नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली, जिस पर अदालत ने इस्तगासा के आधार पर सिटी पुलिस को एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने का आदेश सुनाया है। सिटी पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

धारूहेड़ा क्षेत्र के बहरामपुर निवासी रवि कुमार ने आरोप लगाया है कि हरीश शर्मा और अरविंद शर्मा ने मिलकर उससे सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी की। उन्होंने बताया कि उसे नारनौल कोर्ट में प्रोसेस सर्वर की नौकरी लगवाने का झांसा दिया गया तथा फर्जी चयन सूची दिखाकर उससे रुपये ठगे गए। उन्होंने आरोप लगाते हुए बताया कि आरोपितों ने पहले दो लाख रुपये लिए और फिर तीन लाख रुपये की और डिमांड की। उस पर नाजायज दबाव बनाकर उससे हस्ताक्षरित एक खाली चेक भी ले लिया गया। जबकि उसकी नौकरी नहीं लगी। उन्होंने बताया कि आरोपितों से जब पैसे वापस मांगें तो उन्होंने पैसे व चेक वापस नहीं दिए। पीड़ित का आरोप है कि दोनों आरोपितों ने साजिश के तहत यह कार्रवाई की।

## सड़क हादसे में पिता की मौत, पुत्र घायल

> **पावर हाउस के पास अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर**

**नारनौल।** शहर में सोमवार रात हुए सड़क हादसे में पिता की मौत हो गई, जबकि उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल पुत्र को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं शव का नागरिक अस्पताल से पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

एयरफोर्स से रिटायर्ड करीब 64 वर्षीय ओमप्रकाश महेंद्रगढ़ रोड पर हाउसिंग बोर्ड के सामने बनी रामनगर कॉलोनी में रहते थे। उनका लड़का 34 वर्षीय संदीप प्रकाश गुरुग्राम में एक निजी कंपनी में लगा हुआ है। रात वह गुरुग्राम से घर पर आया था। वह जब बस से स्टैंड पर उतरा, तो उसने अपने पिता को घर ले जाने के लिए फोन कर दिया। इस पर ओमप्रकाश उसको लेने के लिए बस स्टैंड चला गया। बेटे को स्कूटी पर बैठाकर वह वापस महेंद्रगढ़ रोड होते हुए घर आ रहा था। रास्ते में पावर हाउस के पास अज्ञात वाहन के चालक ने उनको पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने दोनों को नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने पिता ओमप्रकाश को मृत घोषित कर दिया।

## बार काउंसिल चुनाव के लिए आज होगा मतदान

***157 उम्मीदवार चुनाव मैदान में, जिले में बनाए गए चार मतदान केंद्र***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के चुनाव को लेकर बुधवार को मतदान होगा। 25 सदस्यीय कार्यकारिणी के लिए आयोजित होने वाले इस चुनाव में हरियाणा व पंजाब एवं चंडीगढ़ से कुल 157 अधिवक्ता चुनाव मैदान में हैं। जिसके लिए 17 मार्च को चंडीगढ़ के लिए मतदान की तिथि निर्धारित की गई। वहीं 18 मार्च को पंजाब एवं हरियाणा के लिए मतदान तय किया गया। बुधवार को होने वाले इस मतदान को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए है।

कनीना बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट मंजीत यादव ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने चुनाव के दृष्टिगत अधिकारियों के साथ बैठक कर जरूरी दिशानिर्देश दिए जा चुके हैं। जिले में कुल चार मतदान केंद्र संख्या 63 से 66 तक बनाए गए हैं, जिनमें लिटिगेशन हॉल महेंद्रगढ़ में मतदान केंद्र संख्या 63 के अंतर्गत 470 मत, कनीना बार एसोसिएशन रूम में बूथ संख्या 64 में 145 मत, नारनौल जिला कोर्ट के वुमन बार रूम संख्या 65 में 480 मत व पुरानी लाइब्रेरी में बूथ संख्या 66 में 475 मत सहित कुल 1570 रजिस्टड अधिवक्ता मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

उन्होंने बताया कि 18 मार्च को सुबह 9 बजे सायं पांच बजे तक मतदान होगा। जिला प्रशासन की ओर से चार पोलिंग पार्टियों के साथ एक रिजर्व पार्टी का गठन किया है। सुरक्षा व पारदर्शिता के दृष्टिगत सभी मतदान केंद्रों पर वीडियोग्राफी होगी तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मचारी तैनात रहेंगे। सिटी थाना इंचार्ज राकेश कुमार ने बताया कि मतदान के लिए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

## एसपी ने ली अधिकारियों की बैठक, लंबित मामलों व सुरक्षा व्यवस्था पर दिए कड़े निर्देश

# प्रभारियों को कार्यशैली में तुरंत सुधार करने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने अपने कार्यालय में जिले के सभी डीएसपी, थाना प्रभारियों व सीआईए इंचार्जों के साथ कानून व्यवस्था और पुलिस कार्यप्रणाली की समीक्षा के लिए बैठक की। इस बैठक में मुख्य रूप से आईपीएस बैशाख बागी, डीएसपी भारत भूषण व डीएसपी दिनेश कुमार भी मौजूद रहे। बैठक की शुरुआत में पुलिस अधीक्षक ने पिछली मीटिंग के दौरान तय किए गए बिंदुओं पर एक्शन टेकन रिपोर्ट की विस्तृत समीक्षा की। इसके साथ ही उन्होंने जनवरी माह से अब तक सीलिंग प्लान के तहत की गई पुलिस कार्रवाईयों की भी जानकारी ली। जिले की सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता करने के उद्देश्य से एसपी ने सभी थाना प्रभारियों से उनके क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति के बारे में जानकारी मांगी।

एसपी ने कड़े निर्देश दिए कि सभी कैमरों की चेकिंग की जाए, खराब पड़े कैमरों को तुरंत ठीक करवाकर चालू किया जाएं। इउच्चाधिकारियों की ओर से दिए गए दिशानिर्देशों से सभी को अवगत कराया गया।



नारनौल। बैठक लेती एसपी पूजा वशिष्ठ। फोटो : हरिभूमि

### लंबित मुकदमों का जल्द करें निपटारा : एसपी

बैठक के अंत में पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों से उनके थानों में लंबित पड़े मामलों व उनके कारणों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी लंबित मुकदमों व थानों के मालखानों में लंबे समय से जमा पड़े पेंडिंग सामानों का नियमानुसार तथा जल्द से जल्द निपटारा किया जाए, ताकि आमजन को त्वरित न्याय मिल सके तथा पुलिस की कार्यप्रणाली और अधिक पारदर्शी बन सकें।



# द ग्रेट ग्रांड... का टीजर जारी, नए किरदार में नजर आए जैकी

**मुंबई।** जैकी श्रॉफ की अदाकारी वाली अपकमिंग फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो- एलियंस का आगमन' का टीजर रिलीज हो गया है। इसमें जैकी श्रॉफ सुपरहीरो के किरदार में नजर आए हैं। टीजर दर्शकों को बचपन के जादू और कल्पना की दुनिया में ले जाता है। एक मिनट सात केकंड के टीजर में दिखाया गया है कि एक बच्चा है जो स्कूल में पढ़ता है। उसे कुछ महीनों में स्कूल बदलना पड़ता है। वह यह बात किसी को नहीं बताता है। अगर किसी को यह बात पता चल गई, तो पृथ्वी पर हमला हो सकता है। इसकी वजह यह है कि उसके दादा खास हैं। उनके पास सुपरपावर है। टीजर के आखिर में नजर आता है कि लड़के के दादा का किरदार जैकी श्रॉफ ने किया है।

लाइफ Style



# तमन्ना

## गफूर सॉन्ग पर किया जबरदस्त डांस

एजेंसी ▸▸ मुंबई

आर्यन खान की फिल्म 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड'के गाने 'गफूर' ने रिलीज के बाद से ही काफी सुर्खियां बटोरी थीं। जिसकी वजह है इस गाने में तमन्ना भाटिया का बोल्ड डांस। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें तमन्ना फिर से 'गफूर' गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं।

तमन्ना भाटिया का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में तमन्ना ने गुलाबी चमचमाती ड्रेस पहनी हुई है। यह किसी कार्यक्रम के दौरान का वीडियो लग रहा है, क्योंकि तमन्ना स्टेज पर डांस कर रही हैं और उनके पीछे कई जूनियर आर्टिस्ट भी उनके साथ ताल में ताल मिलाते नजर आ रही हैं। तमन्ना का 'गफूर' गाने पर यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जिस पर यूजर्स लगातार अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ तमन्ना के इस डांस को पसंद कर रहे हैं, तो कुछ यूजर्स उन्हें ट्रोल भी कर रहे हैं।कई यूजर्स ने लिखा- 'किस किस को ये बिल्कुल पसंद नहीं है'। 'इस गाने पर किस किस को फरहाना भट्ट का डांस याद आया'। मेरी पसंदीदा एक्ट्रेस। वाह वाह वाह क्या डांस किया है। कितनी खूबसूरत, तो वहीं कई फैंस ने तमन्ना के इस वीडियो पर फायर और लाल दिल वाले इमोजी भी बनाएं हैं। फिल्म 'वीवनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' में तमन्ना भाटिया नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ सिद्धार्थ मलहोत्रा भी मुख्य भूमिका में होंगे। इस हॉरर फिल्म की कहानी पुराने जंगलों पर आधारित है। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है।

## हॉलीवुड मसाला



# ड्यून-3 की मिली पहली झलक

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म 'ड्यून'के दोनों पार्ट्स ने अच्छा-खासा कलेक्शन बॉक्स ऑफिस पर किया था। इस फ्रैंचाइज की तीसरी कड़ी का इंतजार दर्शकों को काफी समय से है। मेकर्स ने मंगलवार को फिल्म के कैरेक्टर्स से जुड़े कई फर्स्ट लुक शेयर किए हैं। इस फर्स्ट लुक में कई चर्चित किरदार नजर आए, जिन्हें नामी हॉलीवुड एक्टर्स ने निभाया है। मेकर्स ने एक्टर टिमोथी चालमेट से लेकर रॉबर्ट पैटिंसन के अलावा कई एक्टर्स के लुक शेयर किए हैं।



# ऑस्कर में पहुंचने से पहले बाल-बाल बचे निक-प्रियंका

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल पॉवर कपल निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा ने ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी में भाग लेकर एक बार फिर फैंस की धड़कनें बढ़ा दीं। मगर इस आइकॉनिक मूमेंट के होने से ठीक पहले दोनों एक हादसे के शिकार होने से बचे। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड में प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस भी हिस्सा लेने पहुंचे थे। रेड कार्पेट पर जाने के लिए कपल काफी लेट था। ऐसे में दोनों को मेन गेट से अंदर तक जाने के लिए एक गोल्फ कार्ट तैयार थी। निक और प्रिंयका उसमें बैठे और जैसे ही ड्राइवर कार्ट को मोढ़ा तो उसका बैलेंस बिगड़ गया। इस दौरान गोल्फ कार्ट का एक पहिया जमीन से हवा में उठ गया। ऐसे में बैलेंस बनाने के लिए तुरंत निक और प्रियंका ने कार्ट को जोर से पकड़ा। ड्राइवर ने भी कुछ ही सेकेंड में कार्ट पर काबू पा लिया और हादसा टल गया।



# फैमिली संग बर्थडे मनाकर मुंबई लौटीं आलिया

**मुंबई।** अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपने 33वें जन्मदिन का जश्न विदेश में मनाया। वे परिवार के साथ हांगकांग पहुंचीं। मंगलवार को जब वे मुंबई आईं तो हमेशा की तरह पैप्स ने उन्हें घेर लिया। इस दौरान रणबीर ने एक मजेदार सवाल किया। इस खूबसूरत जोड़ी को साथ देख हमेशा की तरह पैपराजी उन्हें कैमरे में कैद करने दौड़ पड़े। इस दौरान रणबीर कपूर ने मजेदार अंदाज में पैप्स से सवाल किया। रणबीर कपूर अपनी पत्नी आलिया का जन्मदिन सेलिब्रेट कर मुंबई लौट आए हैं। कपल को साथ देख पैपराजी भी वहां जुट गए और आलिया को जन्मदिन की बधाई देने लगे। इस दौरान रणबीर ने पैप्स से सवाल किया, 'केक नहीं लाए?' 'केक किधर है'? रणबीर के इस सवाल पर आलिया भी मुस्कुरा उठीं। साथ ही पैपराजी भी हंसने लगे।



# तुम चांद देख लेना का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** सलमान खान की आगामी फिल्म का नाम हाल ही में 'मातृभूमिः में वॉर रेस्ट इन पीस' बताया गया है। पहले इस फिल्म का नाम 'बैटल ऑफ गलवां' रखा गया था। मंगलवार को फिल्म का एक रोमांटिक गाना 'तुम चांद देख लेना' का टीजर जारी किया गया है। जिसमें सलमान और चित्रांगदा नजर आ रहे हैं। इस गाने में सलमान खान और चित्रांगदा सिंह के बीच एक ऐसे रोमांटिक पहलू को दिखाया गया है, जो इस फिल्म में इन दोनों की रोमांटिक प्रेम कहानी को बयां करता है। इस गाने में चित्रांगदा गुलाबी ड्रेस में सजी-धजी, सलमान का इंतजार करती हुई दिखाई दे रही हैं, जबकि सलमान खान पास ही में उनके सामने इस गाने पर डांस करते नजर आ रहे हैं, जिसके बैकग्राउंड में चमकता हुआ चांद दिखाई दे रहा है।

## टीवी मसाला



# '24' सीजन 3 में अनिल फिर बनेंगे आईटीयू चीफ

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर अनिल कपूर जहां एक ओर 'सूबेदार' में अपने एंग्री ओल्ड मैन वाले अंदाज को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं, वहीं, उन्होंने एक्स पर कंफर्म किया है कि 10 साल बाद वह एक बार फिर से '24' सीजन 3 में जय सिंह राठौड़ बनकर लौट रहे हैं। एक फैन के 'सूबेदार' से जुड़े पोस्ट पर उन्होंने यह पुष्टि की है। 24, इसी नाम की अमेरिकी सीरीज का देसी रीमेक है, जिसका पहला सीजन 2013 में और फिर दूसरा सीजन 2016 में ऑन-एयर हुआ था। शो में अनिल कपूर का किरदार जय सिंह राठौड़, आईटीयू का चीफ है, जो अपने परिवार और देश को एक आतंकवादी हमलों से बचाने के लिए समय के विरुद्ध लड़ाई लड़ता है। दोनों सीजन में जय के पास केस को सुलझाने और दुश्मनों को पकड़ने के लिए 24 घंटे का वक्त रहता है। सीजन-3 की कहानी भी इसी तरह के प्लॉट पर आगे बढ़ेगी। अभिनय देव के डायरेक्शन में बनी इस सीरीज में साक्षी तंवर ने जय की बॉस मल्लिका सेन, सुरवीन चावला ने उनकी प्रेमिका माया और सिकंदर खेर ने हारून शेरचान की भूमिका निभाई थी। नील भूपालम ने आदित्य सिंघानिया का किरदार निभाया, जो देश के प्रधानमंत्री का था। हालांकि, अभी यह कंफर्म नहीं है कि सीजन-3 में इनमें से कितने किरदार पर्दे पर वापसी करेंगे। '24' सीजन 2 की कहानी में जय, एक आतंकवादी मास्टरमाइंड रोशन शेरचन (आशीष विद्यार्थी) और उसकी साथी शिवानी मलिक (साक्षी तंवर) को गिरफ्तार करवा लेता है।

## दुल्हन बनीं कृतिका को देख रो पड़े गौरव

**नई दिल्ली।** कृतिका कामरा और गौरव कपूर की शादी का बेहद प्यारा वीडियो सामने आया है, जो चर्चा में है। कृतिका ने जब दुल्हन बन साड़ी में पापा संग एंट्री की, तो गौरव रो पड़े। उन्हें देख कृतिका हैरान रह गईं। वीडियो में कृतिका और गौरव की शादी की रस्मों और वरमाला की भी झलक है।



शादी के बाद जहां कृतिका और गौरव ने तस्वीरें शेयर कर फैंस का दिल जीता, वहीं पपाराजी को मिठाइयां भी बांटी थीं। सोशल मीडिया अभी भी कृतिका कामरा और गौरव कपूर की शादी की तस्वीरों-वीडियो से पटा पड़ा है। इसी बीच न्यूली वेड कपल ने शादी का बेहद प्यारा और इमोशनल वीडियो सामने आया है। इसमें गौरव कपूर दुल्हन बनीं कृतिका को देख रोते नजर आए। शेयर किए गए वेडिंग वीडियो में उन खास पलों और रस्मों की झलक दिखाई गई है, जो कृतिका कामरा और गौरव कपूर की शादी में हुईं।

# सरके चुनर तेरी गाने ने अश्लीलता की हदें पार की, बॉलीवुड पर लगे लगाम : कंगना

**मुंबई।** नोरा फतेही और संजय दत्त स्टारर फिल्म 'केडीः द डेविल' का गाना 'सरके चुनर तेरी सरके' रिलीज के बाद अपने आपत्तिजनक बोल और कोरियोग्राफी के कारण विवादों में घिर गया है। इस गाने के सेंसर बोर्ड से पास होने को लेकर भी विवाद है। अब अभिनेत्री और राजनेता कंगना रनौत ने भी इस गाने की कड़ी आलोचना करते हुए बॉलीवुड पर 'अश्लीलता' की हदें पार करने का आरोप लगाया है। कंगना ने कहा, 'बॉलीवुड ने अश्लीलता, हथकंडों और ध्यान आकर्षित करने के मामले में सारी हदें पार कर दी हैं। पूरा देश उनकी निंदा और आलोचना कर रहा है। लेकिन, मुझे नहीं लगता कि उन्हें कोई शर्म है। इस तरह की अश्लीलता और अभद्रता के प्रदर्शन पर और भी सख्ती बरतने की जरूरत है। मुझे लगता है कि बॉलीवुड पर कड़ी लगाम लगानी होगी। कंगना से पहले भी कई लोगों ने इस गाने के बोलों पर आपत्ति जताई है।





गायक अरमान मलिक ने भी गाने के बोल सुनकर हैरानी जताई। अपने एक्स अकाउंट पर उन्होंने कहा कि बोल सुनकर उन्हें वीडियो दोबारा देखना पड़ा, क्योंकि उन्हें यकीन नहीं हो रहा था कि उन्होंने क्या सुना है। कमर्शियल गानों में लिरिक्स का स्तर नए निचले स्तर पर पहुंच गया है। इस हद तक गिरते देखकर दुख होता है। 'सरके चुनर तेरी सरके' आगामी पैन इंडिया कन्नड़ फिल्म 'केडीः द डेविल' का हिस्सा है, जिसका निर्देशन प्रेम ने किया है। गीत की शुरुआती पंक्तियां दोहरे अर्थों वाली हैं, जिनमें यौन संबंध का काफी विस्तृत वर्णन किया गया है।

# आयुष्मान ने गाया साड्डी गली का नया वर्जन...

**मुंबई।** एक्टर-सिंगर आयुष्मान खुराना ने पुरानी यादों को ताजा करते हुए अपने मशहूर गाने 'साड्डी गली' का एक नया वर्जन रिलीज किया है। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर आयुष्मान ने अपना एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह गिटार बजाते हुए इस नए वर्जन को गाते हुए नजर आ रहे हैं। इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए आयुष्मान ने लिखा 'पिछले कुछ दिनों से मैं देख रहा हूं कि आप में से बहुत से लोग मेरे म्यूजिक पर वीडियो बना रहे हैं और सोशल मीडिया पर अपनी यादें शेयर कर रहे हैं। इससे मुझे भी पुरानी बातें याद आ गईं, इसलिए मैंने 'साड्डी गली' का एक ऐसा अनसुना वर्जन शेयर करने का फैसला किया, जो ओरिजिनल गाने में शामिल नहीं हो पाया था।' एक्टर ने फैंस को यह भी हिंट दी कि इस साल वह और भी म्यूजिकल पीस लेकर आएंगे। उन्होंने कहा 'इस साल मैं और भी गाने गाऊंगा।' आयुष्मान का यह वीडियो वायरल हो गया है। वीडियो देखकर कई फैंस खुश हुए और इसकी तारीफ की। आयुष्मान खुराना के गाने उनके फैंस के लिए पहली



पसंद रहे हैं। उनकी फिल्म 'विकी डोनर' के गाने 'पानी दा रंग' को दर्शकों ने खूब पसंद किया। उन्होंने 'मिट्टी दी खुशबू', 'इक वारी', 'साड्डी गली' और ऐसे ही कई और गाने गाए हैं। आयुष्मान जल्द ही 'पति पत्नी और वो दो' में नजर आएंगे। यह फिल्म 15 मई, 2026 को रिलीज होगी। आने वाली फिल्म में आयुष्मान खुराना, सारा अली खान, रकुल प्रीत सिंह और वामिका गब्बी लीड रोल में हैं। इसके निर्देशक मुदस्सर अजीज हैं।

## पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन में दिखाई गई है बदले की कहानी

# इस हफ्ते ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। इन दिनों सिनेमाघरों में कोई ऐसी बड़ी फिल्म नहीं है, जो दर्शकों को अपनी तरफ बुला सके। 19 मार्च को 'धुरंधर 2' बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली है। इस बीच इस हफ्ते कई फिल्में और सीरीज ओटीटी पर रिलीज होने वाली हैं।*



**चिरैया :** दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा की अदाकारी वाली वेब सीरीज 'चिरैया' 20 मार्च को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है। दर्शकों को इसका ट्रेलर पसंद आया है। इसमें शादी और रजामंदी का मुद्दा उठाया गया है। इसमें टीनू आनंद, प्रसन्ना विष्ट, सिद्धार्थ शॉ, फैसल राशिद और सरिता जोशी जैसे कलाकार हैं।

**जैज सिटी :** टीवी सीरीज 'जैज सिटी' 19 मार्च को सोनी लिव पर दस्तक देगी। पॉलिटिकल थ्रिलर सीरीज बांग्लादेश मुक्ति युद्ध के दौरान, 1971 के कलकत्ता की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसके निर्देशक, लेखक और निर्माता सौमिक सेन हैं। इसमें सौरासेनी मैत्रा, शांतनु घटक, अनिरुद्ध गुप्ता और एलेक्जेंड्रा टेलर अहम भूमिकाओं में हैं।

**कासरगोड एंबेसी :** मलयालम वेब सीरीज 'कासरगोड एंबेसी' 20 मार्च से जी5 मलयालम पर स्ट्रीम होगी। सात एपिसोड वाली इस सीरीज में नकली पासपोर्ट बनाने वालों के रैकेट के बारे में दिखाया गया है। इसमें अबू सलीम, गोविंद पाई, कबीर दुहान, रॉनी डेविड और दीपक परमबोल जैसे कलाकार हैं। इसके निर्देशक आतिश एम नायर हैं।

**फ्यूरीज सीजन 2 :** वेब सीरीज 'फ्यूरीज सीजन 2' 18 मार्च को नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। इसमें मुख्य कलाकार पेरिस में एक दमनकारी शासन से टकराएंगे। इसमें लीना अल अरबी, मरीना फोइस अहम किरदारों में होंगे। सीरीज का पहला सीजन नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

**डेडलॉक :** वेब सीरीज 'डेडलॉक' का दूसरा सीजन 20 मार्च 2026 को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगा। इसमें छह एपिसोड होंगे। यह जासूसी सीरीज है। इसमें केट बॉक्स, मैडलीन सामी, नीना ओयामा, और एलिसिया गार्डिनर अहम किरदारों में हैं।

**पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन :** 'पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन' एक ब्रिटिश फिल्म है। इसमें बदले की कहानी दिखाई गई है। यह 20 मार्च को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसके निर्देशक टॉम हारपर हैं। इसमें किलियन मर्फी, रेबेका फर्ग्यूसन, टिम रोथ, स्टीफेन ग्राहम, और सोफी रंडल अहम किरदारों में होंगे।

### द राइज ऑफ द रेड हॉट चिली पेपर्सः अवर ब्रॉदर, हिलेल

93 मिनट की यह डॉक्यूमेंट्री रेड हॉट चिली पेपर्स के शुरुआती वर्षों और मूल गिटारिस्ट हिलेल स्लोवाक के प्रभाव को दर्शाती है। उनकी 1988 में ड्रग की ओवरडोज से मृत्यु हो गई थी। यह 20 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

***इंपरफेक्ट वुमन :*** *'इंपरफेक्ट वुमन' साइकोलोजिकल थ्रिलर टीवी सीरीज है, जो 18 मार्च को एप्पल टीवी पर स्ट्रीम होगी। इसमें दिखाया गया है कि एक अपराध का वर्षों पुरानी दोस्ती पर असर पड़ता है। यह सीरीज अरामिंटा हॉल के नॉवेल 'इंपरफेक्ट वुमन' पर आधारित है। इसमें एलिजाबेथ मॉस, केरी वॉशिंगटन, केट मारा, जोएल किन्नामन और कोरी स्टॉल अहम किरदारों में होंगी।*

***रेडियोएक्टिव इमरजेंसी :*** *'रेडियोएक्टिव इमरजेंसी' एक ब्राजीलियन डॉक्यूड्रामा सीरीज है। यह 18 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के लिए तैयार है। यह 1987 में ब्राजील में हुई रेडियोधर्मी दुर्घटना का नाटकीय रूपांतरण है। इसमें जॉनी मासारो, पाउलो गोर्गुल्हो, तुका एंड्राडा और एंटोनियो सबोइया अहम किरदारों में हैं।*

***अमोर एनिमल :*** *वेब सीरीज 'अमोर एनिमल' एक अर्जेंटीनाई रोमांटिक ड्रामा सीरीज है। यह 20 मार्च को अमेजन प्राइम वीडियो पर आएगी। इसमें एक गरीब आर्टिस्ट और एक अमीर लड़की की कहानी दिखाई गई है। इसमें तात्याना ग्लिकमैन, फ्रैंको मासिनी, सैंटियागो अचागा, वैलेंटिना जेनेरे और ओलिविया नस जैसे कलाकार हैं।*

## खबर संक्षेप

### जेजेपी का इनेलो व कांग्रेस पर हमला

**नारनौल।** जेजेपी के जिला प्रवक्ता विजय छिलरो ने इंडियन नेशनल लोकदल पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पार्टी के दो विधायक राज्यसभा चुनाव जैसे अहम मौके पर वोट डालने तक नहीं पहुंचे, जो लोकतंत्र के साथ खुला विश्वासघात है। छिलरो ने कहा कि सूत्रों के अनुसार राज्यसभा चुनाव से दूरी बनाना कोई संयोग नहीं, बल्कि इसके पीछे भारतीय जनता पार्टी के साथ पर्दे के पीछे की राजनीति और संभावित सेटिंग की आशंका जताई जा रही है। उन्होंने कहा कि जनता सब समझ रही है कि कौन सामने क्या बोलता है और अंदरखाने क्या चल रहा है।

### अटाली में साइबर फ्रॉड से बचाव की दी जानकारी

**मंडी अटेली।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय अटाली में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय मुखिया ने की। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के एडवोकेट हेमन्त यादव ने कहा कि बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों पर कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपनी व्यक्तिगत या बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें, ताकि साइबर फ्रॉड से बचा जा सके। कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह जैसी कुप्रथा के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए विस्तार व्याख्यान, शपथ ग्रहण और जागरूकता रैली भी निकाली गई।

## नलकूप चालकों का अभिनंदन कर मनाया जल महोत्सव

# पानी केवल बुनियादी सुविधा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति व आजीविका का आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



**नारनौल।** नलकूप चालकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते विभागीय अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के तहत आयोजित जल महोत्सव पखवाड़ा के अंतर्गत जिले में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की ओर से जिला परिषद के सभागार में जिला स्तरीय पंप ऑपरेटर अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के प्रत्येक खंड से 10-10 पंप ऑपरेटरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमंडल अभियंता मुकेश कुमार ने की।

जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने जल महोत्सव के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह पखवाड़ा हर वर्ष आठ मार्च से 22 मार्च तक मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पानी केवल एक बुनियादी सुविधा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपराए आजीविका और सामुदायिक जीवन से गहराई से जुड़ा हुआ है। पहले जहां पेयजल के लिए महिलाओं और बच्चों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, वहीं आज जल जीवन मिशन के तहत स्वच्छ एवं सुरक्षित पानी घर-घर पहुंच रहा है। कार्यक्रम के दौरान कनिष्ठ अभियंता नरेश चंदेला ने पंप ऑपरेटरों को नलकूप, मोटर व स्टार्टर के संचालन और रखर-खाव से संबंधित आवश्यक जानकारी दी।

इस अवसर पर विभाग की ओर से कुल 80 नलकूप चालकों को नल जल मित्र के रूप में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मोहित कुमार ने किया। इस मौके पर बीआरसी धर्मेंद्र, पूजा रानी, निशू, अनिता, विक्रम सिंह, रोहित सहित जिलेभर से नलकूप चालक उपस्थित रहे।

### गांव-गांव में चलाया जाए जागरूकता अभियान

उपमंडल अभियंता मुकेश कुमार ने नलकूप चालकों को जल संरक्षण, जल प्रबंधन तथा लॉग बुक के माध्यम से कार्यों के रिकॉर्ड संधारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। ग्राम जल एवं सीवरेज समितियों को नियमित निगरानी व जल गुणवत्ता की जांच करनी चाहिए। उन्होंने आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए गांव-गांव में जल संरक्षण अभियान चलाने पर जोर दिया और कहा कि इसमें ग्राम पंचायत, ग्रामीणों व समिति सदस्यों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है, ताकि पानी की बर्बादी रोकी जा सके।

### प्रत्येक समिति का बैंक में खाता आवश्यक

बीआरसी अशोक कुमार ने ग्राम जल एवं सीवरेज समितियों के दायित्वों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि समितियों को जल प्रबंधन, समान वितरण और शुल्क संग्रहण की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि प्रत्येक समिति का इंडियन बैंक में खाता होना आवश्यक है, जिससे जल संबंधित वित्तीय कार्य सुचारू रूप से हो सकें। बीआरसी इंद्रजीत ने जल जीवन मिशन के उद्देश्यों पर विस्तार से जानकारी दी, जबकि लैब सहायक कमल ने पेयजल की गुणवत्ता जांचने की प्रक्रिया समझाई और जिला प्रयोगशाला में समय-समय पर जल नमूनों की जांच कराने का आग्रह किया।

# सरकार से कनीना में बिजली कार्यालय खोलने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

बहुजन समाज पार्टी के नेता प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने प्रदेश सरकार से कनीना में कार्यकारी अभियंता बिजली कार्यालय खोलने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि राज्य सरकार व जिला प्रशासन ने एक माह के अंदर उक्त कार्यालय खोलने की कार्रवाई शुरू नहीं की, तो कनीना उपमंडल के कार्यकर्ता आंदोलन शुरू करेंगे।

अतरलाल ने कनीना उपमंडल के गांव गाहड़ा, करीरा, कोटिया, भड़फ में जनसमस्याएं सुनने के बाद कहा कि उन्हें क्षेत्र के विभिन्न गांवों से शिकायत मिली है कि कार्यकारी अभियन्ता बिजली से सम्बन्धित समस्याओं के समाधान के लिए उन्हें महेन्द्रगढ़ जाना पड़ता है। इससे उनका धन व समय अधिक लगता है तथा आने जाने में ही पूरा दिन व्यतीत हो जाता है। इसलिए लोगों की सुविधा के लिए कनीना में कार्यकारी अभियंता बिजली का दफ्तर होना चाहिए। जिससे कनीना उपमंडल के आसपास के अनेक गांवों के लोगों को बिजली सम्बन्धी समस्याओं के निराकरण के लिए महेन्द्रगढ़ भागना न पड़े।

### लोगों में भारी रोष

उन्होंने कहा कि महेन्द्रगढ़ में कार्यकारी अभियंता बिजली का जो दूसरा कार्यालय शुरू किया गया है, उसको कनीना में स्थानांनतरित किया जाए। उन्होंनें कहा कि महेन्द्रगढ़ में पहले से कार्यकारी अभियंता बिजली का एक कार्यालय संचालित है। कनीना उपमंडल के लोग काफी दिनों से यहां कार्यकारी अभियंता का कार्यालय खोलने की मांग कर रहे हैं, लेकिन कमजोर नेतृत्व के कारण कनीना अब तक इस कार्यालय से वंचित है। जिसके कारण लोगों में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने राज्य सरकार से तत्काल कनीना में कार्यकारी अभियंता का कार्यालय खोलने की मांग की है। जिससे उपभोक्ताओं को त्वरित राहत, न्याय व समाधान मिल सके। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार ने एक महीने के अंदर कार्यालय खोलने की घोषणा व कार्रवाई शुरू नहीं की, तो बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता आंदोलन शुरू करेंगे।

### एडवोकेट जयकिशन की माता का निधन



**महेंद्रगढ़।** गांव बुचोली निवासी एडवोकेट जयकिशन यादव की माता भूरीदेवी पत्नी स्वर्गीय रघुबीर सिंह थानेदार का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। वह करीब 84 वर्ष की थी। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार सुबह 11 बजे गांव बुचोली के स्वर्गआश्रम में किया गया। वो अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़कर प्रभु चरणों में लीन गई। वह धार्मिक विचारों की महिला थी और हमेशा गरीबों की मदद करती थी। उनकी अंतिम यात्रा में सरपंच प्रतिनिधि अरविन्द सोनू, पूर्व सरपंच जगमाल सिंह, बलवंत सरपंच गुढा, सहायक उपायुक्त सुजान सिंह सेहलंगिया (कस्टम), जेजेपी जिला प्रधान राजकुमार खातोद, सत्यवीर खातोद, चैंबर सोसाइटी प्रधान यशवीर ढिल्लो, प्रवक्ता नित्यानंद सिसोठ, एमपीएचडब्ल्यू मुकेश चौहान, डॉ. दिनेश मेघनवास आदि शामिल हुए।

### राजकीय महाविद्यालय में नितेश कुमार का हुआ स्वागत

**नारनौल।** राजकीय महाविद्यालय कृष्ण नगर के पूर्व विद्यार्थी नितेश कुमार यादव ने यूपीएससी में 847वां रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन करने पर महाविद्यालय परिसर में एक भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया। नितेश ने अपने पांचवें प्रयास में यह ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है। उनकी यह उपलब्धि उनके अटूट संकल्प, नियमित अध्ययन और श्रीमद्भागवत गीता में उनकी गहरी आस्था का परिणाम है। समारोह के दौरान नितेश ने अपनी सफलता का श्रेय माता, पिता के आशीर्वाद व गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एकाग्रता और निरंतरता ही किसी भी कठिन परीक्षा को पास करने की कुंजी है। प्राचार्या डॉ. सुमन यादव ने नितेश को युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बताते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी हौसला बनाए रखना ही जीत है।


**नारनौल।** नितेश कुमार के साथ महाविद्यालय स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि


**महेंद्रगढ़।** गुढ़ा गांव में कुआं पूजन करने जाती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### गुढ़ा गांव में बेटी के जन्म पर किया कुआं पूजन

**महेंद्रगढ़।** गांव गुढ़ा में बेटी के जन्म पर कुआं पूजन किया गया। गांव के रमेश कुमार व बिमला देवी के घर पर पौत्री का जन्म हुआ है। इनके पुत्र नरेन्द्र व पुत्रवधु पूनम ने अपनी पुत्री युवांशी के जन्म पर कुआं पूजन करते हुए नई मिशाल पेश की। बेटी पैदा होने पर गांव के लोगों को भोजन करवाया गया और डीजे के साथ नाच-गाकर कुआं पूजन करवाया गया। कुआं पूजन पारंपरिक रूप से पुत्र के लिए की जाने वाली रश्म है, लेकिन अब समाज में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बेटियों के जन्म पर खुशी मनाई गई। इस अवसर पर सुमेर सिंह, मानसिंह, महिपाल, अशोक कुमार, मनोज कुमार, रूपचंद, कमल सिंह, योगेश, बबली, सुभाषचन्द, संत कुमार बड़गुजर, मनोज कुमार निम्भल, सुन्दर सिंह व विजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# आरपीएस के छात्रों ने सीए परीक्षा में गाड़े सफलता के झंडे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। हाल ही में घोषित चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) के परिणामों में विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर संस्थान और जिले का नाम रोशन किया है। कॉमर्स विभागाध्यक्ष शिव कौशिक व विंग हैड देवेंद्र पूनिया ने बताया कि विशेष रूप से दीपांशु शर्मा पुत्र आनंद कुमार एवं अनीता देवी ने सीए फाइनल की परीक्षा उत्तीर्ण कर चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने का गौरव हासिल किया है। इसके अलावा, सीए इंटरमीडिएट और फाउंडेशन स्तर पर भी विद्यार्थियों ने सफलता की नई इबारत लिखी है। सीए अचीवर फाइनल में दीपांशु शर्मा, सीए इंटरमीडिएट क्वालीफायर्स में हर्षिता यादव, प्रियांशु यादव, मुकुल गुप्ता, योगेश गोयल पुत्र प्रवीण कुमार एवं प्रेमलता, सीए फाउंडेशन क्वालीफायर्स में केशव, रितेश, ध्रुव धनवाल शामिल रहे। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप के प्रबंधन ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि यह हमारे लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। दीपांशु और अन्य सभी क्वालीफायर्स ने यह सिद्ध कर दिया है कि कड़ी मेहनत और सही मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। दीपांशु शर्मा की सफलता हमारे वर्तमान विद्यार्थियों के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी।

# जन्मदिन पर लगाई समवाणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


**नारनौल।** गोवंश के लिए सवामणी लगाते हुए। फोटो : हरिभूमि

दुलीचंद संघी चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन चेन्नई निवासी सुरेश कुमार संघी के जन्मदिन के अवसर पर मंगलवार को रोटरी क्लब सिटी व बेलाज ने निजामपुर रोड स्थित श्री अनाथ गोशाला में गोवंश के लिए हरी सब्जियों की सवामणी का आयोजन किया गया।

प्रोजेक्ट इंचार्ज संजय गर्ग व प्रवीण संघी के सानिध्य में क्लब के सदस्यों ने गोमाता को अपने हाथों से हरी सब्जियां डालकर सेवा की। इसके बाद रोटरी क्लब की ओर से संचालित रोटरी रसोई पर भी सुरेश कुमार संघी के सौजन्य से जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरित किया गया। प्रोजेक्ट इंचार्ज संजय गर्ग व प्रवीण संघी ने बताया कि नारनौल मूल के चेन्नई निवासी सुरेश कुमार संघी की ओर से दुलीचंद संघी चैरिटेबल ट्रस्ट का संचालन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत शहर में पार्क गली स्थित दुलीचंद संघी धर्मशाला के माध्यम से लोगों को सुविधा भी प्रदान की जाती है।

इस मौके पर राजकुमार यादव एडवोकेट, प्रवीण संघी, संजय गर्ग, विजय जिंदल, पवन गुप्ता, रवि चौधरी, निर्मल जिंदल, सारिका गर्ग, बबीता गुप्ता, मुकेश वालिया, गजेंद्र नंबरदार व बलवान सैनी आदि उपस्थित रहे।

# बाबा खेतानाथ पॉलिटेक्निक में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें सौमिक जेड एफ प्राइवेट लिमिटेड तथा रॉकमन कंपनी ने भाग लिया। इस दौरान संस्थान के विभिन्न ट्रेड के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया। कंपनियों की टीम का स्वागत संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर अनिल कुमार यादव एवं असिस्टेंट ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर शिवम गुप्ता द्वारा किया गया। उन्होंने कंपनियों के प्रतिनिधियों को संस्थान की उपलब्धियों एवं विद्यार्थियों की योग्यता के बारे में अवगत कराया। यह संपूर्ण प्लेसमेंट ड्राइव संस्थान के प्रधानाचार्य इंजीनियर अनिल यादव के मार्गदर्शन एवं देखरेख में आयोजित की गई। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों के लिखित परीक्षण एवं साक्षात्कार के माध्यम से उनका मूल्यांकन किया। संस्थान प्रशासन के अनुसार, दोनों कंपनियों द्वारा चयनित अभ्यर्थियों का परिणाम शीघ्र ही घोषित किया जाएगा। गौरतलब है कि इस सेमेस्टर की शुरुआत से ही संस्थान में लगातार कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की जा रही हैं।


**नारनौल।** प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लेते नौकरी के इच्छुक उम्मीदवार। फोटो : हरिभूमि

# नवरात्रों में हर रोज लगेगी माता की चौकी


**नारनौल।** बैठक करते क्लब सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**नारनौल।** टाईगर क्लब परिवार के तत्वावधान में 19 से 27 मार्च तक नवरात्रों में हर रोज माता की चौकी का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारियों को लेकर क्लब के वरिष्ठ उपप्रधान राजेश सैनी के निवास स्थान मोहल्ला पुरानी सराय में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रधान राकेश यादव, संरक्षक जयप्रकाश अग्रवाल, उपप्रधान सुरेंद्र यादव, वरिष्ठ उपप्रधान राजेश सैनी ने संयुक्त रूप से की। उन्होंने बताया कि नारायण शास्त्री माता की चौकी में पुरोहित रहेंगे। टिटू सोनी, कैलाश नंबरदार, नरेंद्र बंशी, नवीन वशिष्ठ, जयप्रकाश अग्रवाल कार्यक्रम संयोजक होंगे। दरबार व्यवस्था प्रमुख प्रवीण यादव, विश्वास एडवोकेट, सुनील शर्मा, रवि खन्ना रहेंगे। इसके अलावा श्रीचंद सैनी, ललित सैनी, कुलदीप सैनी को सूचना प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई। पूर्व संरक्षक राजेश लखेरा, मनोज सिंघल, सुरेंद्र यादव, राजेश सैनी, विजय यादव, धर्मेश जोशी एडवोकेट का मार्गदर्शन रहेगा।

## महिला अध्ययन एवं विकास प्रकोष्ठ द्वारा भाषण व निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन

# विश्व सामाजिक कार्य दिवस पर महाविद्यालय में हुआ प्रेरणादायक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

राजकीय महाविद्यालय में महिला अध्ययन एवं विकास प्रकोष्ठ के तत्वावधान में विश्व सामाजिक कार्य दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. पविता यादव द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए समाज सेवा के महत्व एवं उसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भाषण एवं निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और समाज से जुड़े विभिन्न विषयों जैसे सामाजिक समानता, नारी सशक्तिकरण, शिक्षा का महत्व, स्वच्छता, तथा मानवीय मूल्यों पर अपने विचार अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए।

प्रतिभागियों ने अपने विचारों के माध्यम से समाज में व्याप्त समस्याओं, उनके कारणों तथा संभावित समाधानों पर भी प्रकाश डाला, जिससे कार्यक्रम का वातावरण अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं चिंतनशील बन गया।


**महेंद्रगढ़।** महाविद्यालय में कार्यदिवस पर ड्यूटी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### युवा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की सबसे बड़ी शक्ति

कार्यक्रम की मार्गदर्शक एवं कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. पविता यादव ने अपने उद्बोधन में विश्व सामाजिक कार्य दिवस की महत्ता को विस्तारपूर्वक बताते हुए कहा कि सामाजिक कार्य केवल एक कर्तव्य नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं की अभिव्यक्ति है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि युवा वर्ग समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की सबसे बड़ी शक्ति है, और उन्हें अपनी ऊर्जा एवं विचारों का उपयोग समाजहित में करना चाहिए।

### भाषण प्रतियोगिता में राहुल प्रथम

प्रतियोगिताओं के परिणामों की घोषणा भी कार्यक्रम के दौरान की गई। भाषण प्रतियोगिता में राहुल ने प्रथम स्थान, अमन ने द्वितीय स्थान तथा अर्जुन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, निबंध लेखन प्रतियोगिता में सुषमा ने प्रथम स्थान, पायल ने द्वितीय स्थान तथा राजवंती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए बधाई दी गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

**दी महेन्द्रगढ़ सहकारी विपणन समिति लिमिटेड महेन्द्रगढ़**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि महेन्द्रगढ़ व सतनाली मंडी में सरसों खरीद (पीएसएस) के लिए कच्ची के कार्य के लिए लेबर कि आवश्यकता है जो कुशल लेबर ठेकेदार दी महेन्द्रगढ़ सहकारी विपणन समिति लिमिटेड महेन्द्रगढ़ के माध्यम से ठेका लेने के इच्छुक हो वह दिनांक 23-03-2026 सायं 4 बजे तक अपना आवेदन जमा करे। टेंडर फार्म प्रशासक मंडल के सामने 24.03.2026 को 2:00 PM पर खोले जाएंगे। इच्छुक लेबर/पैक्स/लेबर समिति किसी भी कार्य दिवस मे समिति कार्यालय दी महेन्द्रगढ़ सहकारी विपणन समिति लिमिटेड महेन्द्रगढ़ मे दिनांक 19.03.2026 से कार्यालय समय में टेंडर फार्म तथा नियम व शर्ते प्राप्त कर सकते है।

हस्ता/-प्रबंधक
दी महेन्द्रगढ़ सहकारी विपणन समिति लिमिटेड, महेन्द्रगढ़

## खबर संक्षेप

### शराब ठेके पर लूटपाट करने वाला गिरफ्तार

**महेंद्रगढ़।** सीआईए टीम ने पुलिस थाना सदर कनीना के अंतर्गत गांव गुढ़ा में एक शराब के ठेके पर हथियार के बल पर बंधक बनाकर की गई लूटपाट की वारदात को सुलझाने में कामयाबी हासिल की है। इस मामले में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपित सोमबीर निवासी सिवाना, थाना बेरी जिला झज्जर को गिरफ्तार किया है। जांच में पुलिस ने पता लगाया कि आरोपित के खिलाफ पहले भी हत्या, हत्या का प्रयास, लूट के अन्य मामले भी दर्ज हैं। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### बालाजी मंदिर में भंडारा दो को

**कनीना।** हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में चैत्र पूर्णिमा के दिन दो अप्रैल को पहाड़ी वाले बालाजी मंदिर लहरोदा में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। निरंजनी अखाड़ा गादी मढी के महंत पवन गिरी ने बताया कि इससे पूर्व एक अप्रैल को सुबह सात बजे रामायण पाठ होगा व दो अप्रैल को सुबह सवा आठ बजे हवन होगा। इसके बाद सवा 11 बजे भंडारा प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि पहाड़ी पर स्थित बालाजी मंदिर के प्रति श्रद्धालुओं की आगध आस्था है। मंगलवार व शनिवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचते हैं।

### ग्रामीणों को सांस लेना दुर्भर, जलभराव से महिला, बुजुर्ग व बच्चों की बढ़ी परेशानी

# सरेली गांव की फिरनियों में 1 साल से जलभराव व नालियां ओवरफ्लो

- परेशान ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों को समस्या से अवगत करवाया

**दीवारों में सीलन आने से मकानों की मजबूती होने लगी प्रभावित व संक्रमित बीमारियां पनपने की बनी आशंका**




निजामपुर। सरेली गांव की फिरनी व नालियों में जमा दूषित पानी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निजामपुर

सरेली गांव की फिरनियों में बीते करीब एक साल से जलभराव की स्थिति बनी हुई है। निकासी मार्ग बाधित होने से अधिकांश नालियां ओवरफ्लो हो गई। जलभराव की दूषित बदबू से ग्रामीणों को सांस लेना दुर्भर हो गया है। परेशान ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों को समस्या से अवगत करवा दिया। इसके बावजूद समाधान की प्रक्रिया अटकी हुई है। जिससे लोगों को संक्रमित बीमारी पनपने व मकानों को नुकसान होने की चिंता सताने लगी है।

मनीष कुमार, घासीराम, प्रताप सिंह, होशियार सिंह, रोहताश, रामपत ने बताया कि विभागीय बजट से गांव में फिरनी व रास्तों का पक्का निर्माण कराया गया था। रास्ते के दोनों तरफ नालियों का निर्माण भी स्वीकृत किया गया था, पानी डिस्पोज प्वाइंट तक पहुंच सके, लेकिन निर्माण प्रक्रिया के दौरान ठेकेदार ने ढलान का लेवल चेक नहीं किया। जिस कारण थोड़ी बारिश होते ही जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। नालियों का लेवल भी ढलान के अनुसार नहीं है, जिसमें कचरा फंसा हुआ है। आवासीय मकानों के साथ में करीब एक फीट तक जलभराव होने से दीवार में सीलन व भुरभुरानी शुरू हो गई है। इसके अलावा जलभराव में मच्छर व बदबू पैदा होने से लोगों को सांस लेना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने बताया कि गर्मियों के मौसम में विभिन्न संक्रमित बीमारी फैलने की आशंका बढ़ गई है। जलभराव के चलते आमरास्तों व नालियों की सफाई करना संभव नहीं होता। ऐसे में सरकार की ओर से संचालित स्वच्छता मिशन को सुचारू चलाना संभव नहीं है।

परेशान ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों को समस्या से अवगत करवा दिया। इसके अलावा ग्रामसभा में भी दूषित पानी निकासी को दुरुस्त करने की शिकायत दर्ज करवा दी। इसके बावजूद ग्रामीणों को दूषित वातावरण में जीवन यापन करना पड़ रहा है।

#### विभाग को प्रस्ताव भेजकर मांगा है बजट

सरपंच द्वाताराम ने बताया कि करीब 1200 फीट लंबी फिरनी में मिट्टी डालकर नालों का निर्माण किया जाना है ताकि पानी का निकास संभव है। इसके लिए पंचायत ने विभाग को प्रस्ताव भेजकर बजट मांगा है, लेकिन अभी तक स्वीकृति प्रक्रिया अटकी हुई है। पंचायत ने निजी स्तर पर जलनिकासी को दुरुस्त करने का प्रयास किया था, लेकिन गड्ढे होने के कारण सफलता नहीं मिली। विभाग को दुबारा पत्र भेजकर समाधान की गुहार लगाई जाएगी।

#### फिसलन से बढ़ी परेशानी

ग्रामीणों ने बताया कि बस स्टैंड, स्कूल, चौपाल, आंगनबाड़ी केंद्र जाने के लिए फिरनी ही एकमात्र रास्ता है। जहां जलभराव की समस्या है। सामाजिक परंपरा के चलते महिलाओं को घूंघट में रहना होता है, जिन्हें जलभराव में पैर फिसलने का खतरा बढ़ गया। कई बुजुर्ग फिसलकर चोटिल हो चुके हैं। बच्चों को स्कूल जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने उपायुक्त से जल्द समाधान की गुहार लगाई है।




महेंद्रगढ़। ब्लॉक में प्रथम आने पर खुशी मनाता स्कूल स्टॉफ एवं बच्चे।

## मुख्यमंत्री सौंदर्यीकरण प्रतियोगिता में खेड़की स्कूल ब्लॉक में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

राजकीय माध्यमिक विद्यालय खेड़की और राजकीय प्राथमिक विद्यालय खेड़की के मौलिक मुख्य अध्यापक वीरेंद्र सिंह एवं मुख्य शिक्षक सुरेंद्र सिंह ने संयुक्त प्रेस नोट जारी करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री सौंदर्यीकरण प्रतियोगिता के तहत ब्लॉक महेंद्रगढ़ में राजकीय प्राथमिक स्कूल खेड़की और राजकीय माध्यमिक स्कूल खेड़की दोनों ने ही प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह जानकारी देते हुए मुख्य अध्यापक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि तीन साल पहले यह स्कूल बंद किया जा चुका था। उसके बाद दोबारा से प्रदेश सरकार ने स्कूल को रिओपन किया और सभी ग्रामीणों एवं समस्त स्टाफ के अथक प्रयासों से आज एक बहुत ही साफ सुथरा कैंपस और विभिन्न प्रकार की सुविधाएं जैसे की साइंस लैब, लाइब्रेरी रूम, मुख्याध्यापक कार्यालय, स्टेज निर्माण अलग-अलग हिस्सों में तैयार की गई विभिन्न फूलों की फूलवारियां और लगभग 28 विभिन्न प्रकार के फलदार और लगभग 248 छायादार पौधे विद्यालय में पिछले तीन सालों में लगाए गए हैं। प्रत्येक कक्षा कक्ष लाइट युक्त, पंखे और कूलर सहित इनवर्टर से जुड़े हुए हैं। विद्यालय में वाटर कूलर का स्वच्छ एवं ठंडा पानी विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध है।

डेमोक्रेटिक स्कूल टीचर एसोसिएशन के राज्य सचिव महेश यादव ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में विद्यालय ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में दो बच्चे पास होने का गौरव पाया है और पिछली साल बुनियाद प्रतियोगिता में छह विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। उन्होंने सहयोग के लिए, समस्त स्टाफ, विद्यार्थियों और सरपंच हरद्वारी लाल, सभी पंचों, पंचायत समिति सदस्य संजय कुमार व सभी ग्रामीणों का आभार जताया है।

# सीजेएम ने नशा मुक्ति केंद्र व सेफ हाउस का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने नागरिक अस्पताल में स्थित नशा मुक्ति केंद्र व पुलिस लाइन में स्थित सेफ हाउस का निरीक्षण किया। सीजेएम नीलम कुमारी ने नागरिक अस्पताल में स्थित नशा मुक्ति केंद्र दौरे के दौरान मरीजों से बातचीत की और उनका हालचाल जाना।

उन्होंने मरीजों को बताया कि केंद्र के विशेषज्ञ उनकी समस्याओं को हल करने और एक स्वस्थ जीवन जीने में उनकी मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन में स्थित सेफ हाउस का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



नारनौल। विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित करती सीजेएम नीलम कुमारी।

#### विद्यार्थियों को किए स्कूल बैग वितरित

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से राजकीय प्राथमिक विद्यालय पटीकरा में दीवान फोर व्हील्स प्राइवेट लिमिटेड के सौजन्य से सीएसआर स्कीम के तहत विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर विद्यार्थियों को बैग वितरित किए। कार्यक्रम में सीजेएम नीलम कुमारी ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने, नियमित स्कूल आने व भविष्य में एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर दीवान फोर व्हील्स सीएसआर की इंचार्ज प्रियांशी, अध्यापिका पवित्रा यादव, टेकचंद यादव व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद थे।



नारनौल। ग्रामीणों को जागरूक करती पुलिस। फोटो: हरिभूमि

#### पुलिस ने किया नशे के खिलाफ जागरूक

**नारनौल।** पुलिस की ओर से चलाए जा रहे डोर टू डोर नशा मुक्त अभियान के तहत गठित टीम ने थाना शहर के अंतर्गत आने वाले मोहल्ला माली टिब्बा का दौरा किया। इस दौरान टीम ने लोगों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर नशे के विनाशकारी दुष्प्रभावों पर गहन चर्चा की। युवा वर्ग को नशे की दलदल से दूर रहने के लिए प्रेरित किया और विस्तार से समझाया कि किस प्रकार नशा न केवल स्वास्थ्य, बल्कि सामाजिक और आर्थिक जीवन को भी बर्बाद कर देता है। निरीक्षक शारदा व उनकी टीम ने बताया कि जो भी व्यक्ति नशे की लत छोड़ना चाहता है, पुलिस उसकी हर संभव मदद करेगी। इसके साथ ही आमजन को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 के बारे में जानकारी दी। इस दौरान उपस्थित लोगों को नए आपराधिक कानूनों, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। टीम ने बताया कि किस प्रकार ये नए कानून नागरिक सुरक्षा व न्याय प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाते हैं।

# थोड़ी लापरवाही किसानों के अरमानों पर फेर सकती है पानी : जेई रामरतन

**किसानों को आगजनी से बचाव के लिए सावधानी बरतने की जरूरत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

थोड़ी सी लापरवाही किसानों के अरमानों पर पानी फेर सकती है। जिससे बचाव के लिए सावधानी बरतनी जरूरी है। बता दें कि फिलहाल रबी फसल पककर तैयार खड़ी है। सरसों की कटाई के लिए किसान प्रवासी मजदूरों के साथ खेतों में जुटे हुए हैं। पिछले तीन से जारी तेज हवा के कारण गेहूं की फसल भी कटाई के नजदीक पहुंच गई है। लगातार बढ़ते तापमान के दृष्टिगत खेतों में फसल व खरपतवार सूख रहा है। जिसके दरम्यान खेतों से गुजर रही बिजली के तार तेज हवा से बिजली के तार एक दूसरे को टकराने की संभावना बन जाती है।



कनीना। बिजली निगम कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

बिजली के तार आपस में टकराने से खेतों में आगजनी होने की पूरी संभावना होती है, जो किसानों के सपनों पर पानी फेर सकती है। किसानों को आगजनी से बचाव के लिए सावधानी बरतने की जरूरत है। इस बारे में कनीना स्थित 132 केवी पावर ग्रिड सब स्टेशन में कार्यरत जेई रामरतन शर्मा ने किसानों को जागरूक करते हुए कहा। इस मौके पर फोरमैन ब्रह्मप्रकाश, एसए हरीश कुमार, एलएम अंकित कुमार, हरसेवक उपस्थित थे।

## भाजपा लोकतंत्र की हत्या कर जीतना चाहती थी राज्यसभा चुनावः सत्यवीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सत्यवीर यादव झूकिया एडवोकेट ने भाजपा पर राज्यसभा चुनाव को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी हरियाणा में लोकतंत्र की हत्या कर राज्यसभा चुनाव जीतना चाहती थी। प्रेस के नाम जारी बयान में उन्होंने बताया कि राज्यसभा चुनाव के दौरान देर रात तक मतगणना चलना और परिणामों को बार-बार रोकना इस बात का संकेत है कि भाजपा लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास नहीं करती। उन्होंने आरोप लगाया कि तमाम दबावों और राजनीतिक प्रयासों के बावजूद कांग्रेस के राज्यसभा प्रत्याशी कर्मबीर बौद्ध सुरक्षित रूप से राज्यसभा पहुंचने में सफल रहे हैं। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस देश और प्रदेश में तेजी से अपना जनाधार बढ़ा रही है और आने वाले विधानसभा चुनावों में इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे।

## कांवी के सचिन ने प्राप्त की पीएचडी की उपाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

गांव कांवी के एक मध्यमवर्गीय परिवार के सचिन ने अपनी मेहनत से देश के प्रतिष्ठित दिल्ली विश्वविद्यालय से बायो मेडिकल विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर परिवार व पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। सचिन के पिता मनोज कुमार हरियाणा कृषि विभाग में चालक के पद पर कार्यरत हैं। सचिन की शैक्षिक यात्रा राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल नारनौल से शुरू होकर दिल्ली यूनिवर्सिटी व इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी रेवाड़ी तक पहुंची। खास बात यह रही कि उन्होंने एमएससी के पहले ही साल में जेआरएफ व एसआरएफ जैसी कठिन परीक्षाएं पास कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। सचिन अपनी सफलता का श्रेय दीपक शर्मा, मनोज कुमार व अपने गुरुजनों के मार्गदर्शन, दादी शारदा, दादा बाबूलाल सहित पूरे परिवार के आशीर्वाद को दिया। इस सफलता के लिए उनके चाचा सुभाष, रत्न, भुआ मंजू, ताऊ रामभरोस, दादा ओमप्रकाश व नाना कैलाश ने बधाई दी है।




नारनौल। समारोह में पीएचडी की उपाधि ग्रहण करते सचिन भारद्वाज।

### अब आम आदमी भी सीख सकेगा मशीनों का हुनर

**नारनौल।** सरकारी आईटीआई अब केवल छात्रों तक सीमित नहीं रहेंगे। हरियाणा सरकार के बजट के वादे को पूरा करते हुए आईटीआई के दरवाजे अब आम जनता के लिए भी खोल दिए गए हैं। एक नए ऑनलाइन पोर्टल के जरिए स्थानीय नागरिक संस्थान की आधुनिक मशीनों और लाइब्रेरी का लाभ उठा सकेंगे। आईटीआई प्राचार्य विनोद खनगवाल ने बताया कि इस योजना का लक्ष्य सरकारी संसाधनों का पूरा लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना है। नागरिकों को तकनीकी काम सीखने या मशीनों के उपयोग की इच्छा होती है, लेकिन संसाधनों के अभाव में वे पीछे रह जाते हैं। अब वे पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर आईटीआई की वर्कशॉप का उपयोग कर सकते हैं। विभाग की वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

## स्वास्थ्य मंत्री ने कनीना बार एसो. को दी 10 लाख की राशि



**कनीना।** अटेली विधायक एवं प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव की ओर से बार एसोसिएशन को 10 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने पर अधिवक्ताओं ने खुशी जताई है। बीते समय उनकी ओर से इस राशि की घोषणा की गई थी। जिसका चेक मंगलवार को एसडीएम कार्यालय के उप अधीक्षक अनिल यादव ने बार एसोसिएशन के प्रधान मंजीत यादव को सौंपा। उन्होंने कहा कि इस राशि का इस्तेमाल बार रूम व आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए किया जाएगा। 10 लाख रुपये का चेक मिलने पर मंजीत यादव सहित अधिवक्ताओं ने मंत्री आरती सिंह राव का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व उनकी पुत्री आरती सिंह के प्रयासों से देश प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है। आमजन को घर द्वार के समीप बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए जिले के अस्पतालों में चिकित्सा उपकरणों को बढ़ाया जा रहा है।

## बाबा खेतानाथ पॉलिटेक्निक में डिप्लोमा के बाद करियर पर विशेष व्याख्यान हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक, नारनौल में आज अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए "डिप्लोमा के बाद करियर अवसर" विषय पर एक महत्वपूर्ण विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर अनिल कुमार यादव ने विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

अपने संबोधन में अनिल कुमार यादव ने विद्यार्थियों को बताया कि डिप्लोमा के बाद सरकारी और निजी क्षेत्र में रोजगार के साथ-साथ उच्च शिक्षा, अप्रेंटिसशिप तथा स्वरोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने छात्रों को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार सही दिशा चुनने की सलाह दी तथा इंटरव्यू की तैयारी, स्किल डेवलपमेंट और इंडस्ट्री की मांग के अनुसार खुद को तैयार करने पर जोर दिया।



नारनौल। विद्यार्थियों को विशेष व्याख्यान देते हुए लेक्चरर। फोटो: हरिभूमि

संस्थान के प्रधानाचार्य इंजीनियर अनिल यादव ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में केवल डिग्री ही नहीं बल्कि व्यवहारिक ज्ञान और कौशल विकास भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखते रहने, सकारात्मक सोच अपनाने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने विश्वास जताया कि संस्थान के विद्यार्थी भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन करेंगे। इस कार्यक्रम में संस्थान के अंतिम वर्ष के सभी शाखाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने करियर से जुड़े विभिन्न सवालों के जवाब प्राप्त किए। व्याख्यान के अंत में विद्यार्थियों ने इसे बेहद उपयोगी और प्रेरणादायक बताया।

### अध्यक्ष बोले...यह एक वर्ष उनके लिए जिम्मेदारी व संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का रहा

# डॉ. यतेंद्र राव के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण जिला कार्यालय में हवन व भंडारा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भारतीय जनता पार्टी के ज़िला अध्यक्ष के रूप में डॉ. यतेंद्र राव के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंगलवार जिला भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि जिला कार्यालय पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत हवन-यज्ञ से की गई। जिसमें पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आहुति देकर संगठन की मजबूती, प्रदेश की उन्नति और देश की समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इसके पश्चात कार्यकर्ताओं व उपस्थित लोगों के लिए भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। डॉ. यतेंद्र राव ने इस अवसर पर संगठन के शीर्ष नेतृत्व, सभी पदाधिकारियों, देवतुल्य कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह एक वर्ष उनके लिए जिम्मेदारी, सीख और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय रखने और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य किया गया।



नारनौल। हवन में आहूति डालते हुए जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव।

#### 'राष्ट्र प्रथम-संगठन सर्वोपरि' की भावना के साथ संगठन मजबूत

इस अवसर पर डॉ. राव ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा भाजपा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और प्रेरणा से संगठन को निरंतर नई ऊर्जा मिल रही है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं और जिले की सम्मानित जनता का धन्यवाद करते हुए कहा कि 'राष्ट्र प्रथम-संगठन सर्वोपरि' की भावना के साथ संगठन को और अधिक मजबूत बनाने और जनसेवा का यह संकल्प आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता गोविंद भारद्वाज, दयाराम यादव, नारनौल मार्केट कमेटी चेयरमैन बाबूलाल व वाईस चेयरमैन सुरेश चौधरी, पूर्व चेयरमैन जेपी सैनी, अटेली चेयरमैन दिनेश यादव, मनोनीत पार्षद सवाई सिंह, नीलम कुमारी, परमेश्वर दयाल, धर्मेंद्र शर्मा, जगदीश पासी, मुकेश, सिकंदर सैनी, जिला महामंत्री किशन लाल सैनी, योगेश शास्त्री, युवा मोर्चा प्रभारी मनजीत, नरेंद्र यादव, राजेन्द्र लांबा, नरेंद्र झिमरिया, जिला उपाध्यक्ष शिवरतन, पूरण चंद, जोगेन्द्र, महिपाल यादव, वासुदेव, कोषाध्यक्ष पवनदेव, जिला मंत्री संदीप, सपना, मनीष गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि राहुल यादव, भारती सैनी, सरला यादव, सरोजबाला शर्मा, ममता, सरिता जांगड़ा, सरोज, सुरेश चंद, सुनील वर्मा, धरम चंद छाबड़ा, सैनी सभा प्रधान बिशन सैनी, रोहताश सैनी, कैलाश सैनी, ओम प्रकाश वाधवा, महेंद्र गौड़, विधायक प्रतिनिधि सोमेश यादव, गजेंद्र यादव, माडूराम सैनी, सतबीर गुर्जर, मनोज कुमार, सुरेश पटिकरा, मनजीत मंढ़ाना, धर्मेंद्र सरपंच, अजीत सलूनी, सुशील, मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार, कर्मवीर, संदीप, सुभाष, प्रमोद, अशोक लांबा, हेमंत चौबे, शुभम गुवानी, राजेश, कृष्ण, रमेश जांगड़ा, मनोज सोनी, मनोज गोयल व सैकड़ों अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।